CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 308 ▫ रायपुर, सोमवार 2 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 4 कांस्टेबलों के घरों पर एसीबी की रेड, करोड़ों की संपत्ति और मादक पदार्थ की तस्करी का आरोप



**बिलासपुर,** 2 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। एंटी करप्शन ब्यूरो एसीबी की टीम ने बिलासपुर में बड़ी कार्रवाई की है. एसीबी की टीम ने जीआरपी (गवर्नमेंट रेलवे पुलिस) के चार कांस्टेबलों के घरों पर छापा मारा है. यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप के बाद की गई है. छापेमारी के दौरान कांस्टेबल

मन्नू प्रजापति, सौरभ नागवंशी, संतोष राठौड़ और लक्ष्मण गायन के घरों की तलाशी ली गई. मन्नू प्रजापति और सौरभ नागवंशी के मोपका स्थित मकान पर एसीबी ने छापा मारा. इसके अलावा संतोष राठौड़ और लक्ष्मण गायन के सिरगिट्टी स्थित मकान पर रेड की कार्रवाई हुई. दरअसल, इन चारों कांस्टेबलों पर ट्रेनों के माध्यम से गांजा और प्रतिबंधित टैबलेट्स की तस्करी करने का आरोप है. इसके अलावा इनके पास आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायतें मिली थी. प्रारंभिक जांच में इन कांस्टेबलों के बैंक खातों से करोड़ों रुपए के लेन-देन का पता चला है. जानकारी के मुताबिक, गांजा तस्करी का यह नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था और ट्रेनों के जरिए इसे अंजाम दिया जा रहा था. इन चारों कांस्टेबलों को विभाग ने पहले ही बर्खास्त कर दिया है. अब इस मामले की जांच एसीबी की टीम कर रही है. जीआरपी के इन कांस्टेबलों पर यह आरोप था कि वे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त थे. गांजा और टैबलेट्स को ट्रेनों के माध्यम से सप्लाई किया जाता था. इसके साथ ही उनकी संपत्तियों और बैंक खातों की जांच में आय से अधिक संपत्ति होने के संकेत मिले थे. छापेमारी के दौरान एसीबी की टीम ने कांस्टेबल के घरों से दस्तावेज, बैंक खातों के विवरण, नकदी और अन्य कीमती सामान जब्त किया है. संपत्ति की कीमत और अकाउंट्स में हुए ट्रांजेक्शन का गहराई से विश्लेषण किया जा रहा है.

## स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल में बारहवीं की छात्रा की संदिग्ध मौत



### जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़,** 2 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। शहर से कुछ ही दूरी में सारंगढ़ रोड पटेलपाली स्थित वैदिक इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल में बारहवीं की एक छात्रा संदिग्ध हालत में मृत पाई गई। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक़ छात्रा की मौत नहाते वक़्त हार्ट अटैक से होने की संभावना जताई गई है। पुलिस मामले की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, छात्रा पिछले दो दिनों से सर्दी और बुखार से जूझ रही थी। सोमवार सुबह वह नहाने के लिए बाथरूम गई लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं निकली। अन्य छात्राओं ने जब देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है, तो प्रबंधन को सूचना दी। दरवाजा खोलने पर छात्रा बाथरूम में बेहोश पड़ी मिली। आनन-फानन में स्कूल प्रबंधन ने उसे शहर के अपेक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहां चिकित्सकों द्वारा मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाने को कहा। अपेक्स अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक़ छात्रा को सोमवार की सुबह कार में अस्पताल लाया गया था, मगर अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने बिना कोई ठोस कारण बताए अचानक स्कूल में छुट्टी की घोषणा कर दी। सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षाओं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं भी रद्द कर दी गईं। छात्रा की मौत के मामले में पुलिस की तफ़्तीश के बाद ही स्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

## ब्रेकिंग न्यूज


### सुप्रीम कोर्ट की किसान नेताओं को हिदायत, विरोध प्रदर्शन से लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए



**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसान नेताओं से कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेताओं से कहा कि वे प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्गों को बाधित न करने और लोगों को असुविधा न पहुंचाने के लिए मनाएं। दरअसल किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की सदस्यता वाली पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने कहा कि हमने देखा कि उन्हें (डल्लेवाल) रिहा कर दिया गया है और उन्होंने शनिवार को एक साथी प्रदर्शनकारी को भी आमरण अनशन समाप्त करने के लिए राजी किया है। पीठ ने कहा कि किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों को अदालत ने नोट कर लिया है और इन पर विचार किया जा रहा है। पीठ ने याचिकाकर्ता डल्लेवाल की वकील से कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आप शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन इससे लोगों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। किसानों का विरोध सही या गलत, हम इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि डल्लेवाल प्रदर्शनकारियों को कानून के तहत शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए राजी कर सकते हैं ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो।

### संभल जाने से रोकने पर कांग्रेसियों और पुलिस में झड़प

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आज संभल जाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके साथ दर्जनों कांग्रेस नेता वहां जाने के लिए पहुंचे हैं। पुलिस ने उन्हें पार्टी कार्यालय के गेट पर ही रोक लिया । कार्यकर्ता पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे हैं। पुलिस के अलावा दो गाड़ी पीएसी भी बुलाई गई थी। संभल जाने से रोकने पर कार्यकर्ताओं और पुलिस में हल्की झड़प भी देखने को मिली। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। अजय राय ने कहा कि जब भी प्रतिबंध हटेगा तो कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल संभल जरूर जाएगा। हम संभल जाकर वहां की स्थिति की अपने स्तर




**चूहा- सुनती हो, पीएम मोदी कह रहे हैं कि परमात्मा ने मुझे 142 करोड़ परिवार की सेवा करने भेजा है।**
**चुहिया- हां जी, इसलिए सेवा भी परमात्मा भरोसे हो रही है।**

## कर्मचारियों को मिलेगा बड़ा लाभ ईपीएफ और ईएसआईसी पर नया फैसला, वेतन सीमा बढ़कर हो सकती है 30 हजार!

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भारत सरकार कर्मचारियों को अधिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के तहत मासिक वेतन सीमा को दोगुना करने पर विचार कर रही है। वर्तमान में ईपीएफओ के तहत मासिक वेतन सीमा 15,000 रुपये है, जिसे बढ़ाकर 30,000 रुपये करने का प्रस्ताव है। साथ ही, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत वेतन सीमा भी इतनी ही बढ़ाई जा सकती है। हाल ही में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की बैठक में इस मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श हुआ। बोर्ड के एक सदस्य ने बताया कि अधिकतर सदस्य और श्रम मंत्रालय वेतन सीमा बढ़ाने के पक्ष में हैं। इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय फरवरी 2025 में होने वाली केंद्रीय न्यासी बोर्ड (ईपीएफओ) की बैठक में लिया जाएगा।

वर्तमान में ईपीएफओ के तहत 15,000 रुपये से अधिक वेतन पाने वाले कर्मचारी स्वेच्छा से योगदान से बाहर निकल सकते हैं। लेकिन वेतन सीमा बढ़ाने से लाखों कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा। अगर यह प्रस्ताव लागू हुआ, तो ईपीएफ के दायरे में आने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ेगी। वर्तमान में, ईएसआईसी के तहत वेतन सीमा 21,000 रुपये है, और इसके तहत कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलता है। श्रम मंत्रालय और बोर्ड इस प्रस्ताव पर सहमत दिख रहे हैं कि कई राज्यों में न्यूनतम वेतन सीमा ईपीएफ की वर्तमान सीमा से अधिक है, जिससे अधिक कर्मचारियों को इस दायरे में लाया जा सकेगा।

## सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए खुशखबरी, 53 प्रतिशत तक पहुंचेगा डीए

महंगाई भत्ते (डीए) में एक और वृद्धि की घोषणा हुई है, जिससे केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आय में बड़ा इजाफा हो सकता है। हाल ही में, सरकार ने महंगाई भत्ते में 3त्न की बढ़ोतरी की घोषणा की है, जिसके बाद अब यह 53त्न तक पहुंच गया है। इस फैसले से कर्मचारियों को और पेंशनरों को मूल वेतन से जोड़ा गया महंगाई भत्ता मिलेगा। महंगाई भत्ते को बेसिक सैलरी से जोड़ने की बात नई नहीं है। 2004 में जब डीए 50 प्रतिशत तक पहुंचा था, तब इसे बेसिक सैलरी में समाहित कर लिया गया था। अब देखना यह है कि क्या इस बार भी इतिहास दोहराया जाएगा और महंगाई भत्ता मूल वेतन से जुड़ जाएगा या नहीं? महंगाई भत्ते की सीमा पार करते ही कर्मचारियों ने इसे बेसिक सैलरी से जोड़ने की मांग की थी। अगर सरकार इस मांग को पूरा करती है तो न केवल टेक-होम सैलरी में इजाफा होगा, बल्कि ग्रेच्युटी और पेंशन जैसे अन्य लाभ भी बढ़ सकते हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार इस मामले पर विचार कर रही है, लेकिन अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2024 में महंगाई भत्ते में 3त्न की बढ़ोतरी की घोषणा की थी, जो जुलाई 2024 से लागू हो चुकी है और यह दिसंबर 2024 तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद जनवरी 2025 में नई दरों की घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही, राज्य सरकारें भी अपने कर्मचारियों के लिए डीए में 5 प्रतिशत की वृद्धि करने की योजना बना रही हैं, जिससे राज्य सरकारों पर 500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा, लेकिन इससे 1.6 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों और 82,000 पेंशनरों को लाभ होगा।

## बीजापुर में नक्सलियों ने मोबाइल टावर में लगाई आग



**बीजापुर,** 2 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिला में नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। यहां नक्सलियों ने देर रात जिओ कंपनी के मोबाइल टावर में आग लगा दी। बीजापुर के एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने इस घटना की पुष्टि की है। बीजापुर के एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि देर रात नक्सलियों ने बीजापुर जिले के मोरमेड गांव में लगे जियो मोबाइल कंपनी के टावर में आग लगा दी। मोबाइल कंपनी का टावर कुछ दिन पहले ही चालू गया था। इससे वहां रहने वालों को कनेक्टिविटी की सुविधा मिलने लगी थी। लेकिन बीती रात नक्सलियों ने मोबाइल टावर में आग लगा दी। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग बढ़ा दी गई है।

## राज्यपाल रमेन डेका से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की मुलाकात



रायपुर, 2 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सौजन्य भेंट की। सीएम ने एक्स पर लिखा, आज राजभवन में माननीय राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य मुलाकात हुई। राज्यपाल से राज्य हित से जुड़े विविध विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई। बता दें कि आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक होगी। दोपहर तीन बजे से यह बैठक महानदी भवन यानी मंत्रालय में होगी। इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा होने के बाद मुहर लगने की संभावना है। बताया जा रहा है कि बैठक में धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर चर्चा हो सकती है।

## दिल्ली में कांग्रेस के लिए केजरीवाल ने बंद किए दरवाजे




### भाजपा बोली- ये लोग अभी आपस में मोल भाव कर रहे हैं

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने साफ तौर पर कहा कि पार्टी दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। यह साफ तौर पर विपक्षी इंडिया गुट के लिए बड़ा झटका। केजरीवाल की यह घोषणा ऐसे समय आई है जब अगले साल की शुरुआत में होने वाले चुनावों से पहले राष्ट्रीय राजधानी में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। पहले ही, कई हाई-प्रोफाइल दलबदल हो चुके हैं, जिनमें कई कांग्रेस और भाजपा नेता आप में शामिल हो गए हैं।

केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि आप दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए कोई गठबंधन नहीं करेगी। वहीं, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की बात पर अब कोई विश्वास नहीं करता है। जो व्यक्ति अपने बच्चों की झूठी कसम खा कर तोड़ सकता है उस पर दिल्ली का विश्वास नहीं रहा। उन्होंने कहा कि ये लोग अभी आपस में मोल भाव कर रहे हैं। ये एक दूसरे को धमकी देकर डराएंगे भी और मोल-भाव भी करेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सच ये है कि अरविंद केजरीवाल बिना कांग्रेस से समझौता किए ठीक से चुनाव भी नहीं लड़ सकते हैं। जैसे इन दोनों ने मिलकर लोकसभा लड़ा और हमने हराया ऐसे ही हम फिर इनको हराएंगे। दिल्ली चुनाव में शहर-राज्य में अपना प्रभाव बढ़ाने के भाजपा के प्रयासों के खिलाफ,क्क की शासन साख की परीक्षा होने की संभावना है। 26 विपक्षी दलों का गठबंधन, इंडिया ब्लॉक, राजधानी में भाजपा विरोधी वोटों को मजबूत करने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन केजरीवाल की घोषणा एकता में संभावित दरार का संकेत देती है। आप और कांग्रेस विपक्षी इंडिया गुट का हिस्सा हैं और इस साल की शुरुआत में दिल्ली में लोकसभा चुनाव एक साथ लड़े थे। दोनों पार्टियों को कोई भी सीट नहीं मिली और बीजेपी ने सभी सीटें जीत लीं। यह पहली बार नहीं है जब आप ने गठबंधन पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले, केजरीवाल ने पंजाब में कांग्रेस के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया था और घोषणा की थी कि उनकी पार्टी सभी 13 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

## चतुर्थ पुण्यतिथि



### स्व. ललित सुरजन

( 22 जुलाई 1946-2 दिसम्बर 2020 )

**_बस्तरः सत्य की कथा_**

*सुबह पाँच बजे*
*पूरनमासी के दिन*
*बहुत से घरों में जब*
*शुरु हो गई हो तैयारी*
*सत्यनारायण की कथा की,*
*बस्तर के विलुप्त वनों में*
*डूबते चंद्रमा के सामने*
*अपने सच होने का बयान*
*देने के लिए खड़े हैं उदास*
*भूरे, बदरंग, नीलगिरि के वृक्ष,*
*सब कुछ सच-सच कहने के लिए*
*बैठी हैं, बरसों से*
*थकी-प्यासी चट्टानें*
*नदियों के निर्जल विस्तार में*

21.05.2000

देशबन्धु- हाईवे चैनल परिवार

पुण्य स्मरण करता है

CMYK